| |
|---|
| **दिनांक 18.08.2024** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 24/2024** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद शाहजहॉपुर/थाना कलान**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये सोने के आभूषण**
- **11 हजार 500 रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 17.08.2024 को थाना कलान व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम नौगवॉ मुवारिकपुर के पास चेकिंग के दौरान पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्तों 1–प्रमोद 2–विवेक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये सोने के आभूषण, 11 हजार 500 रूपये नगद 01 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त प्रमोद के विरूद्ध जनपद शाहजहॉपुर के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कलान पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रमोद निवासी ग्राम बांसखेड़ा खुर्द थाना जलालाबाद जनपद शाहजहॉपुर।

2–विवेक निवासी नयागांव महसूल थाना जलालाबाद जनपद शाहजहॉपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूटे गये सोने के आभूषण।

2–11 हजार 500 रूपये नगद।

3–01 मोबाइल फोन।

4–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

5–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## <u>जनपद सोनभद्र/थाना रॉबर्ट्सगंज</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **घटना का अनावरण**
- **लूटे गये लगभग 15 लाख रूपये कीमत के सोने–चॉदी के आभूषण**
- **01 लाख 39 हजार रूपये नगद**
- **01 रिवाल्बर 32 बोर 03–03 जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक आदि बरामद**

दिनॉकः 18.08.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खलियारी–रॉबर्ट्सगंज मार्ग पर स्थित मरकरी पुलिया के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग में एक उपनिरीक्षक घायल हो गये, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–कुन्दन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशादेही पर अभियुक्त 2–लवकुश 3–नागेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये लगभग 15 लाख रूपये कीमत के सोने–चॉदी के आभूषण, 01 लाख 39 हजार रूपये नगद, 01 रिवाल्बर 32 बोर 03–03 जीवित/खोखा कारतूस, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित

कारतूस, घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक आदि बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा कारित की गयी घटना के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे।

इस सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—कुन्दन निवासी बभनगवां थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र।

2—लवकुश निवासी नौडींहा थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र।

3—नागेन्द्र निवासी गिरिया थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र।

**बरामदगी**

1—लूटे गये लगभग 15 लाख रूपये कीमत के सोने—चॉदी के आभूषण।

2—01 लाख 39 हजार रूपये नगद।

3—01 रिवाल्बर 32 बोर 03—03 जीवित/खोखा कारतूस।

4—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

5—घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक आदि।

## जनपद सीतापुर/थाना कोतवाली देहात

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने—चॉदी के आभूषण व सिल्ली**
- **08 हजार रूपये नगद बरामद**

दिनॉकः 18.08.2024 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिजवार पुल के पास से 02 अभियुक्तों 1—सिकन्दर उर्फ गोलू 2—अंकित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने—चॉदी के आभूषण व सिल्ली, 08 हजार रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त सिकन्दर उर्फ गोलू के विरूद्ध जनपद सीतापुर, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 32 अभियोग व अभियुक्त अंकित के विरूद्ध जनपद खीरी, सीतापुर के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सिकन्दर उर्फ गोलू निवासी दुर्गापुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

2–अंकित निवासी दुर्गापुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोने–चॉदी के आभूषण व सिल्ली।

2–08 हजार रूपये नगद।

## जनपद फिरोजाबाद/थाना पचोखरा

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 17/18.08.2024 की रात्रि थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगला सूरज बम्बे के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त बंटू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना पचोखरा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–बंटू निवासी नगला सूरज थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**कमिश्नरेट लखनऊ/थाना चिनहट**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी के सोने के आभूषण**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 18.08.2024 को थाना चिनहट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अभियुक्त वीरपाल उर्फ धीरू को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने के आभूषण, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि थाना चिनहट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना चिनहट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना चिनहट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वीरपाल उर्फ धीरू निवासी ग्राम राठ थाना राठ जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोने के आभूषण।

2–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

## जनपद सहारनपुर/थाना मिर्जापुर

- **लगभग 05 लाख रूपये कीमत के 110 ग्राम अवैध स्मैक**
- **16 हजार 490 रूपये नगद आदि बरामद**

दिनॉकः 18.08.2024 को थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अभियुक्त फुरकान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 05 लाख रूपये कीमत के 110 ग्राम अवैध स्मैक, 16 हजार 490 रूपये नगद आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानों पर एनडीपीएस एक्ट, सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 13 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—फुरकान निवासी ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1—लगभग 05 लाख रूपये कीमत के 110 ग्राम अवैध स्मैक।

2—16 हजार 490 रूपये नगद आदि।

———